## खण्ड क

1. किसी समान्तर पट्टिका संधारित्र, जिसकी पट्टिकाओं के बीच परावैद्युतांक $K = 4$ का कोई माध्यम है, की धारिता C है । यदि इस माध्यम को हटा दिया जाए, तो संधारित्र की धारिता होगी :

(A) $4C$ (B) $C$


(C) $\frac{C}{4}$ (D) $2C$

2. किसी चालक में जिसके सिरों पर विभवान्तर V है इलेक्ट्रॉनों के अपवाह की चाल $v_d$ है । यदि V घटकर $\left(\frac{V}{2}\right)$ हो जाए, तो अपवाह चाल हो जाएगी :

(A) $\frac{v_d}{2}$ (B) $v_d$

(C) $2\, v_d$ (D) $4\, v_d$

3. कोई चालक पाश, किसी चुम्बकीय क्षेत्र जो इसके तल के अभिलम्बवत है, में स्थित है । आरेख में दर्शाए अनुसार चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण समय के साथ विचरण करता है । यदि समय $0 \le t \le T$, $T \le t \le 2T$ और $2T \le t \le 3T$ पर प्रेरित वि.वा. बल (emf) के परिमाण क्रमशः $\varepsilon_1$, $\varepsilon_2$ और $\varepsilon_3$ हैं, तो :




(A) $\varepsilon_1 > \varepsilon_2 > \varepsilon_3$ (B) $\varepsilon_2 > \varepsilon_3 > \varepsilon_1$

(C) $\varepsilon_3 > \varepsilon_1 > \varepsilon_2$ (D) $\varepsilon_1 > \varepsilon_3 > \varepsilon_2$

4. 10 cm त्रिज्या की कोई वृत्ताकार कुण्डली किसी चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B} = (1{\cdot}0\, \hat{i} + 0{\cdot}5\, \hat{j})$ mT में इस प्रकार रखी है कि कुण्डली के पृष्ठ के अभिलम्बवत बाहर की ओर एकांक सदिश का मान $(0{\cdot}6\, \hat{i} + 0{\cdot}8\, \hat{j})$ है । कुण्डली से संबद्ध चुम्बकीय फ्लक्स है :

(A) $0{\cdot}314\ \mu Wb$ (B) $3{\cdot}14\ \mu Wb$

(C) $31{\cdot}4\ \mu Wb$ (D) $1{\cdot}256\ \mu Wb$




https://www.evidyarthi.in/

